# Daily Current Affairs 14/04/2021

1. **श्री पीयूष गोयल ने आयातकों-निर्यातकों को तुरंत सुविधा लेने के लिए “DGFT व्यापार सुविधा ऐप ” लांच किया**




- वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने के तहत आयातकों / निर्यातकों तक सूचनाओं की तुरंत पहुंच प्रदान करने के लिए DGFT व्यापार सुविधा ऐप लॉन्च किया।
- इसे **विदेश व्यापार महानिदेशालय (DGFT)** के निर्देश के आधार पर **टाटा कंसल्टेंसी सर्विस (TCS)** ने विकसित किया है।
- **व्यापार सुविधा ऐप उद्योग 4.0 के लिए तैयार है, यह निम्न सेवाएं प्रदान करता है:**
  रियल-टाइम व्यापार नीतियों की जानकारी, सूचनाएं, आवेदन स्थिति की जानकारी, ट्रैकिंग सहायता अनुरोध,
  वस्तुओं के आधार पर निर्यात-आयात नीति और उनके आंकड़ों का अन्वेषण। IEC पोर्टफोलियो को ट्रैक करना,
  AI-आधारित 24 घंटे व्यापार संबंधित प्रश्नों के लिए सहायता देना,
  DGFT सेवाएं सभी के लिए सुलभ है,
  आपका ट्रेड डैशबोर्ड किसी भी समय और कहीं भी सुलभ है


Gradeup Rajasthan State Exams Green Card Subscription
(RAS, Rajasthan Police Constable, Rajasthan Patwari)
Get Unlimited Access to 25+ Mock Tests

## 2. NITI आयोग ने भारत ऊर्जा डैशबोर्ड संस्करण 2.0 का शुभारंभ किया



- भारत ऊर्जा डैशबोर्ड के 2.0 संस्करण का डॉ राजीव कुमार (उपाध्यक्ष, NITI आयोग), डॉ वी के सारस्वत (सदस्य, NITI आयोग), अमिताभ कान्त (CEO, NITI आयोग) और डॉ राकेश सरवाल (अपर सचिव, NITI आयोग) ने शुभारंभ किया।
- **भारत ऊर्जा डैशबोर्ड (IED**) देश के ऊर्जा से जुड़े आंकड़ों के लिए एकल खिड़की का उद्यम है।
- केंद्रीय ऊर्जा प्राधिकरण, कोयला नियंत्रक संगठन और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा प्रकाशित/उपलब्ध कराये गए ऊर्जा से जुड़े आंकड़ों को उक्त डैशबोर्ड में संकलित किया जाता है।
- भारत ऊर्जा डैशबोर्ड 2.0 के इस उन्नत संस्करण की **मुख्य विशेषताएँ**: IED, वित्त वर्ष 2005-06 से वित्त वर्ष 2019-20 के आंकड़े उपलब्ध कराता है; IED अर्ध वार्षिक अनुक्रम में भी डाटा उपलब्ध कराता है।
- API लिंक सौभाग्य, उजाला, प्राप्ति और विद्युत प्रवाह पोर्टल से जुड़ा है।
- **नोट:** NITI आयोग ने **भारत ऊर्जा डैशबोर्ड संस्करण 1.0** मई 2017 में लॉन्च किया था।

## 3. न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने जजमेन्ट्स एंड ऑर्डर्स पोर्टल और ई-फाइलिंग 3.0 मॉड्यूल का उद्घाटन किया





Gradeup Rajasthan State Exams Green Card Subscription
(RAS, Rajasthan Police Constable, Rajasthan Patwari)
Get Unlimited Access to 25+ Mock Tests

- सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं सर्वोच्च न्यायालय की ई-समिति के अध्यक्ष डॉ न्यायमूर्ति धनंजय वाई चंद्रचूड़ ने पिछले निर्णयों एवं आदेशों को खोजने के उद्देश्य से एक जजमेन्ट्स एंड ऑर्डर्स पोर्टल और अदालत के दस्तावेजों को इलेक्ट्रॉनिक तरीके से दाखिल करने की अनुमति देने के उद्देश्य से एक ई-फाइलिंग 3.0 मॉड्यूल का उद्घाटन किया।
- पुणे स्थित ई-कोर्ट परियोजना टीम द्वारा विकसित इस पहल का उद्देश्य कानून प्रणाली को मजबूत बनाना है।
- **जजमेन्ट्स एंड ऑर्डर्स सर्च पोर्टल** देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों द्वारा सुनाए गए निर्णयों का एक भंडार (रिपॉजिटरी) है। यह पोर्टल खोज के विभिन्न मानदंडों के आधार पर निर्णयों और अंतिम आदेशों को खोजने की सुविधा प्रदान करता है।
- **ई-फाइलिंग 3.0 मॉड्यूल**, जिसे सर्वोच्च न्यायालय की ई-समिति द्वारा पेश किया गया है, अदालत के दस्तावेजों को इलेक्ट्रॉनिक तरीके से दाखिल करने की सुविधा देता है। इस नए मॉड्यूल की शुरुआत से वकीलों या क्लाइंटों को मुकदमा दायर करने के लिए अदालत परिसर में जाने की जरूरत नहीं होगी।
- **नोट:** आज इस जजमेंट सर्च पोर्टल में 38 मिलियन मामलों के आंकड़े उपलब्ध हैं। हमारे पास 106 मिलियन मामलों के आंकड़े हैं,जिन्हें निपटाया जा रहा है और कुल 141 मिलियन आदेश उपलब्ध हैं।


**4. राष्ट्रीय नियामक ने आपातकालीन स्थितियों में स्पुतनिक-V वैक्सीन के सीमित उपयोग की अनुमति दी**



Gradeup Rajasthan State Exams Green Card Subscription
(RAS, Rajasthan Police Constable, Rajasthan Patwari)
Get Unlimited Access to 25+ Mock Tests

- **राष्ट्रीय नियामक, ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ़ इंडिया (DCGI)** ने भारत में आपातकालीन स्थितियों में सीमित उपयोग के लिए रूसी COVID-19 वैक्सीन स्पुतनिक-V को मंजूरी दी।
- हैदराबाद स्थित मैसर्स डॉ रेड्डी लैबोरेटरीज लिमिटेड ने रूस के मैसर्स गामालेया इंस्टीटयूट द्वारा विकसित गाम-COVID-वैक, जिसे स्पुतनिक-V भी कहा जाता है, के आयात और उसकी बिक्री के लिए अनुमति मांगी है।
- **नोट:** DCGI ने दो टीकों के आपातकालीन उपयोग की अनुमति दी थी। ये वैक्सीन हैं: सीरम इंस्टीटयूट ऑफ़ इंडिया द्वारा निर्मित “कोविशील्ड” और भारत बायोटेक इन्टरनेशनल द्वारा निर्मित “कोवैक्सिन”।

**5. पंजाब ने COVID टीकाकरण कार्यक्रम के ब्रांड एंबेसडर के रूप सोनू सूद को नियुक्त किया**


Image tweeted by @capt_amarinder

- अभिनेता सोनू सूद को पंजाब के COVID टीकाकरण कार्यक्रम के लिए ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है।
- पिछले साल राष्ट्रव्यापी कोरोनोवायरस-प्रेरित लॉकडाउन के दौरान, अभिनेता, जो फिल्मों में प्रतिपक्षी भूमिका निभाने के लिए जाने जाते थे, ने देश भर में फंसे हजारों प्रवासी श्रमिकों को उनके गृह राज्यों में पहुंचने में मदद की थी।
- **नोट:** सोनू सूद ने पंजाब के मुख्यमंत्री को अपनी पुस्तक "आई एम नो मसीहा" भेंट की।
- **पंजाब के बारे में तथ्य:**

**राजधानी:** चंडीगढ़


**राज्यपाल:** वी पी सिंह बदनौर



Gradeup Rajasthan State Exams Green Card Subscription
(RAS, Rajasthan Police Constable, Rajasthan Patwari)
Get Unlimited Access to 25+ Mock Tests

**मुख्यमंत्री:** कैप्टन अमरिंदर सिंह

6. **रूस के राष्ट्रपति ने एक कानून पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके तहत वे दोबारा राष्ट्रपति चुनाव के लिए खड़े हो सकते हैं**



- रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक कानून पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके तहत वे दो अतिरिक्त छह साल के कार्यकाल के लिए पद धारण करने जिससे उन्हें 2036 तक सत्ता में रहने के लिए संभावना है।
- व्लादिमीर पुतिन एक रूसी राजनेता और पूर्व खुफिया अधिकारी हैं जो 2012 से रूस के वर्तमान राष्ट्रपति के रूप में कार्य कर रहे हैं।
- वह 1999 से 2000 और फिर 2008 से 2012 तक प्रधानमंत्री भी रहे।
- पुतिन पहली बार 2000 में राष्ट्रपति चुने गए थे और लगातार चार साल तक दो बार सेवा की।
- पुतिन राष्ट्रपति के रूप में अपना चौथा वर्तमान कार्यकाल 2024 में पूरा करेंगे।
- **रूस के बारे में तथ्य:**

**राष्ट्रपति:** व्लादिमीर पुतिन
**राजधानी:** मास्को
**मुद्रा:** रूसी रूबल

Gradeup Rajasthan State Exams Green Card Subscription
(RAS, Rajasthan Police Constable, Rajasthan Patwari)
Get Unlimited Access to 25+ Mock Tests

## 7. NCAER ने विश्व बैंक की अर्थशास्त्री पूनम गुप्ता को महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया

- नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (NCAER) ने विश्व बैंक की प्रमुख अर्थशास्त्री पूनम गुप्ता को अपना अगला महानिदेशक नियुक्त किया।
- गुप्ता, NCAER की पहली महिला महानिदेशक, शेखर शाह की जगह लेंगी जिन्होंने 2011 से NCAER का नेतृत्व किया है और मई 2021 की शुरुआत में अपना दूसरा पांच साल का कार्यकाल पूरा करेंगे।
- **नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (NCAER) के बारे में तथ्य:**

**अध्यक्ष:** नंदन नीलेकणि

**मुख्यालय:** नई दिल्ली

**स्थापना:** 1956

## 8. BAFTA पुरस्कार 2021: नोमैडलैंड ने 4 पुरस्कार जीते


Gradeup Rajasthan State Exams Green Card Subscription
(RAS, Rajasthan Police Constable, Rajasthan Patwari)
Get Unlimited Access to 25+ Mock Tests



- **74वें ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स (BAFTA)** पुरस्कार 2020 और 2021 की शुरुआत में सबसे अच्छी राष्ट्रीय और विदेशी फिल्मों के सम्मान में लंदन के रॉयल अल्बर्ट हॉल में 10 और 11 अप्रैल 2021 को आयोजित किया गया।
- **नोट:** क्लो झाओ द्वारा निर्देशित फिल्म **'नोमैडलैंड'** ने बेस्ट फिल्म, बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट सिनेमेटोग्राफी और बेस्ट लीडिंग एक्ट्रेस सहित **4 BAFTA पुरस्कार** जीते।
- **BAFTA अवार्ड्स 2021 के मुख्य विजेता:**

gradeup

| **श्रेणी** | **विजेता** |
|---|---|
| बेस्ट फिल्म | नोमैडलैंड |
| आउटस्टैंडिंग ब्रिटिश फिल्म | प्रॉमिसिंग यंग वुमन |
| लीडिंग एक्ट्रेस | फ्रांसेस मैकडोरमेंड (नोमैडलैंड) |



Gradeup Rajasthan State Exams Green Card Subscription
(RAS, Rajasthan Police Constable, Rajasthan Patwari)
Get Unlimited Access to 25+ Mock Tests

| | |
|---|---|
| लीडिंग एक्टर | एंथनी हॉपकिंस (द फादर) |
| सपोर्टिंग एक्ट्रेस | यूह जंग योन (मिनारी) |
| सपोर्टिंग एक्टर | डैनियल कलूया (जूडास एंड द ब्लैक मसीहा) |
| डायरेक्टर | क्लो झाओ (नोमैडलैंड) |
| EE राइजिंग स्टार अवार्ड | बक्की बैकरे |
| आउटस्टैंडिंग डेब्यू बाय ए ब्रिटिश राइटर, डायरेक्टर या प्रोड्यूसर | हिस हाउस |
| फिल्म नॉट इन द इंग्लिश लैंग्वेज | अनदर राउंड |
| डाक्यूमेंट्री | माय ऑक्टोपस टीचर |
| सिनेमेटोग्राफी | नोमैडलैंड |
| ओरिजनल स्क्रीनप्ले | प्रॉमिसिंग यंग वुमन |
| एडाप्टेड स्क्रीनप्ले | द फादर |

gradeup


Gradeup Rajasthan State Exams Green Card Subscription
(RAS, Rajasthan Police Constable, Rajasthan Patwari)
Get Unlimited Access to 25+ Mock Tests

| | |
|---|---|
| ब्रिटिश शॉर्ट फिल्म | द प्रेजेंट |
| आउटस्टैंडिंग ब्रिटिश कॉन्ट्रिब्यूशन टू सिनेमा | नोएल क्लार्क |
| बाफ्टा फैलोशिप | अंग ली |

1.

gradeup

